भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3039
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

नागालैंड में खेलो इंडिया केंद्र

3039 श्रीमती एस. फान्गनॉन कोन्याक्:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नागालैंड के प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया केंद्र स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए नियमित प्रशिक्षण, खेल विज्ञान सहायता और पोषण सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) स्वीकृत 1250 खेलो इंडिया केंद्रों में से, नागालैंड राज्य सहित 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 1066 खेलो इंडिया केंद्र अधिसूचित किए गए हैं। नागालैंड राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत विभिन्न खेल सुविधाओं, जैसे खेल अवसंरचना, खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) और कोचों का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड पर https://dashboard.kheloindia.gov.in. पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ख) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, ग्रामीण एथलीटों के लिए नियमित कोचिंग, खेल विज्ञान संबंधी सहायता और पोषण सुनिश्चित करने सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की होती है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करते हुए उनके प्रयासों को पूरा करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नागालैंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में खेलों के विकास के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है:

i. खेलो इंडिया – खेलों के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम;
ii. राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;

iii. अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद प्रोत्साहन;
iv. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
v. मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
vi. खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
vii. राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
viii. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; और
ix. राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)।

उपर्युक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****